दिन–शुक्रवार दिनांक– 30/05/2025

प्रसार भारती
(भारत का लोक सेवा प्रसारक)
प्रादेशिक समाचार एकांश
आकाशवाणी, पटना

प्रसारणः– शाम 7.30 बजे से। अवधि– 15 मिनट

---

01. प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा – ऑपरेशन सिंदूर हमारे तरकश का केवल एक तीर है। आतंक का फन अगर फिर उठेगा, तो भारत उसे बिल से खींचकर कुचल देगा।

02. श्री मोदी ने रोहतास के बिक्रमगंज में अड़तालीस हजार पांच सौ करोड़ रूपए से अधिक की विभिन्न परियोजनाओं का शिलान्यास और लोकार्पण किया।

03. बिहार लोक सेवा आयोग ने इकहत्तरवीं संयुक्त प्रारंभिक प्रतियोगिता परीक्षा की अधिसूचना जारी की। एक हजार दो सौ पचास पदों के लिए दो जून से आवेदन की प्रक्रिया शुरू होगी।

04. और, मौसम विभाग ने अगले चौबीस घंटों के दौरान अररिया, पूर्णिया, मधुबनी, शिवहर, पूर्वी और पश्चिमी चंपारण जिले के कुछ स्थानों पर वज्रपात के साथ बारिश की संभावना जताई।

---

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा है कि भारत की बेटियों के सिंदूर की शक्ति क्या होती है, यह पाकिस्तान के साथ दुनियाभर ने देखा। श्री मोदी ने आज रोहतास के बिक्रमगंज में आयोजित सभा को संबोधित करते हुए कहा कि पाकिस्तानी सेना की छत्रछाया में खुद को सुरक्षित मानने वाले आतंकियों और उनके ठिकानों को देश की सेनाओं ने कुछ ही मिनटों में तबाह कर दिया।

–––बाइट–––

श्री मोदी ने कहा कि पहलगाम में आतंकी हमले के बाद उन्होंने बिहार की धरती से आतंकवादियों को कल्पना से भी बड़ी सजा मिलने का जो वादा किया था, वह आज पूरा हुआ है।

–––बाइट–––

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा है कि आतंकवाद के खिलाफ भारत की लड़ाई अडिग है और कभी नहीं रूकेगी।

–––बाइट–––

ऑपरेशन सिंदूर में भारत की जो ताकत दुश्मन ने देखी है लेकिन दुश्मन समझ लें ये तो हमारे तरकश का केवल एक ही तीर है। आतंकवाद के खिलाफ भारत की लड़ाई ना रूकी है ना थमी है। आतंक का फन अगर फिर उठेगा भारत उसे बिल से खींचकर कुचलने का काम करेगा।

प्रधानमंत्री ने सीमाओं पर तैनात बीएसएफ के जांबाज सुरक्षा बलों के अदम्य पराक्रम और साहस का उल्लेख करते हुए कहा कि देश की रक्षा के लिए ये अभेद चट्टान हैं।

———बाइट———

श्री मोदी ने कहा आतंकवाद हो या नक्सलवाद देश के दुश्मनों से तेजी से और निर्णायक रूप से निपटा जाएगा।

———बाइट———

प्रधानमंत्री ने रोहतास के बिक्रमगंज में अड़तालीस हजार पांच सौ करोड़ रूपए से अधिक की विद्युत, सड़क, रेल और शिक्षा से जुड़ी परियोजनाओं का शिलान्यास और उद्घाटन किया। प्रधानमंत्री ने एनटीपीसी के नबीनगर सुपर थर्मल पावर प्रोजेक्ट के स्टेज–दो का शिलान्यास किया। इसके तहत आठ सौ मेगावाट की तीन नई ईकाईयां स्थापित की जाएगी। इससे प्लांट की कुल क्षमता बढ़कर चार हजार तीन सौ अस्सी मेगावाट हो जाएगी। इस अवसर पर सभा को संबोधित करते हुए प्रधानमंत्री ने कहा कि बिहार में डबल इंजन की सरकार राज्य के चहुंमुखी विकास के लिए निरंतर प्रयास कर रही है।

———बाइट———

श्री मोदी ने कांग्रेस और राजद पर दलितों और पिछड़ों के कल्याण के लिए कुछ नहीं करने का आरोप लगाते हुए कहा कि आज इन पार्टियों को सामाजिक उत्थान की बातें याद आ रही हैं।

———बाइट———

इस अवसर पर मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने केंद्र सरकार की ओर से जाति आधारित गणना कराने के फैसले के लिए प्रधानमंत्री का अभिनन्दन किया।

———बाइट———

कार्यक्रम के दौरान राज्यपाल आरिफ मोहम्मद खां, मुख्यमंत्री नीतीश कुमार, केंद्रीय मंत्री जीतनराम मांझी, राजवी रंजन सिंह, चिराग पासवान और नित्यानंद राय के

साथ उप मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी और विजय कुमार सिन्हा सहित अन्य गणमान्य लोग उपस्थित थे।

---

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने पटना एयरपोर्ट पर युवा क्रिकेट खिलाड़ी वैभव सूयवंशी और उनके परिवार से मुलाकात की। इस अवसर पर प्रधानमंत्री ने कहा कि वैभव के क्रिकेट कौशल की पूरे देश में प्रशंसा हो रही है। उन्होंने वैभव को भविष्य के लिए शुभकामनाएं भी दीं।

---

आतंकवाद के उन्मूलन के लिए भारत की दृढ़ प्रतिबद्धता को दुनिया तक पहुंचाने के लिए सात बहुदलीय संसदीय प्रतिनिधिमंडल विदेशों में अपनी आधिकारिक यात्राओं के दौरान उच्च स्तरीय चर्चाओं में लगे हैं। जदयू सांसद संजय झा के नेतृत्व में सर्वदलीय प्रतिनिधिमंडल इंडोनेशिया की यात्रा पर है। इस प्रतिनिधिमंडल ने जकार्ता में इंडोनेशिया के थिंक टैंक और शिक्षाविदों के विद्वानों और शोधकर्ताओं के साथ कई बैठकें कीं। इस अवसर पर श्री झा ने कहा कि भारत आतंकवाद के खिलाफ जीरो टॉलेरेंस की नीति का अनुपालन कर रहा है।

–––बाइट–––

इधर, भाजपा के वरिष्ठ नेता रविशंकर प्रसाद के नेतृत्व में प्रतिनिधिमंडल डेनमार्क की यात्रा पर है। इस दौरान श्री प्रसाद ने कहा कि डेनमार्क ने आतंकवाद के खिलाफ भारत की नीतियों का पूरी तरह समर्थन किया है।

–––बाइट–––

---

बिहार लोक सेवा आयोग ने इकहत्तरवीं संयुक्त प्रारंभिक प्रतियोगिता परीक्षा– दो हजार पच्चीस की अधिसूचना जारी कर दी है। इस परीक्षा के जरिए राज्य सरकार के विभिन्न विभागों में कुल एक हजार दो सौ पचास पदों पर नियुक्ति की जाएगी। इच्छुक अभ्यर्थी दो जून से आवेदन कर सकते हैं। आवेदन की अंतिम तिथि तीस जून निर्धारित की गई है। आयोग ने कहा है कि पीटी परीक्षा की संभावित तिथि तीस अगस्त– दो हजार पच्चीस निर्धारित की है। इधर, आयोग ने सहायक अभियंता प्रतियोगिता परीक्षा की तिथि घोषित कर दी है। यह परीक्षा पांच जुलाई से सात जुलाई के बीच आयोजित

की जाएगी। आयोग की ओर से इस संबंध में वेबसाइट पर सूचना जारी कर दी गयी है।

---

राज्य सरकार ने सवर्ण जातियों के विकास के लिए उच्च जाति आयोग का गठन किया है। भाजपा के वरिष्ठ नेता महाचंद्र प्रसाद सिंह को उच्च जाति आयोग का अध्यक्ष बनाया गया है। जदयू के राष्ट्रीय प्रवक्ता राजीव रंजन प्रसाद को उपाध्यक्ष के पद पर नियुक्त किया गया है। वहीं, दयानंद राय, जय कृष्ण झा और राजकुमार सिंह को सदस्य के रूप में नियुक्त किया गया है। सरकार ने राज्य अनुसूचित जनजाति आयोग का भी गठन किया है। पश्चिम चंपारण के रहने वाले शैलेंद्र कुमार को इस आयोग का अध्यक्ष बनाया गया है। वहीं सुरेंद्र उरांव को उपाध्यक्ष बनाया गया है। प्रेमशिला गुप्ता, तल्लू बासकी और राजू कुमार सदस्य बनाए गए हैं। सामान्य प्रशासन विभाग की तरफ से इससे संबंधित अधिसूचना जारी कर दी गई है।

---

मौसम विभाग ने अगले चौबीस घंटों के दौरान प्रदेश के कई जिलों में वज्रपात के साथ बारिश की चेतावनी जारी की है। मौसम विज्ञान केंद्र, पटना ने बताया है कि इस दौरान तीस से चालीस किलोमीटर प्रतिघंटे की रफ्तार से हवा भी चल सकती है। वहीं, राज्य के दक्षिणी जिलों में उमसभरी गर्मी की स्थिति बनी रहेगी।

———बाइट———

---

आकाशवाणी पटना के लेखापाल विनोद कुमार श्रीवास्तव और अभियांत्रिकी अनुभाग में कार्यरत कमरे आलम आज सेवानिवृत्त हो गए। इस अवसर पर उनके सम्मान में विदाई समारोह का आयोजन किया गया, जिसमें आकाशवाणी केंद्र प्रमुख हेमंत डी. सिडाम सहित वरिष्ठ अधिकारियों और सहकर्मियों ने उन्हें शुभकामनाएं दीं।

---

और अब अंत में मुख्य समाचार, एक बार फिर..........

01. प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा – ऑपरेशन सिंदूर हमारे तरकश का केवल एक तीर है। आतंक का फन अगर फिर उठेगा, तो भारत उसे बिल से खींचकर कुचल देगा।

02. श्री मोदी ने रोहतास के बिक्रमगंज में अड़तालीस हजार पांच सौ करोड़ रूपए से अधिक की विभिन्न परियोजनाओं का शिलान्यास और लोकार्पण किया।

03. बिहार लोक सेवा आयोग ने इकहत्तरवीं संयुक्त प्रारंभिक प्रतियोगिता परीक्षा की अधिसूचना जारी की। एक हजार दो सौ पचास पदों के लिए दो जून से आवेदन की प्रक्रिया शुरू होगी।

04. और, मौसम विभाग ने अगले चौबीस घंटों के दौरान अररिया, पूर्णिया, मधुबनी, शिवहर, पूर्वी और पश्चिमी चंपारण जिले के कुछ स्थानों पर वज्रपात के साथ बारिश की संभावना जताई।

---

इसके साथ ही आकाशवाणी, पटना से प्रसारित प्रादेशिक समाचार का ये अंक समाप्त हुआ।